Reg. No. :- JH-11-0004329
अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 18-06-2022 अंक 259
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

प्रमुख , उप प्रमुख ने डीएस के साथ किया ट्रश्वमा सेंटर में इमरजेंसी सेवा की शुरुआत,

ट्रॉमा सेंटर की शुरुआत से दुर्घटनाग्रस्त मरीजो को मिलेगा लाभ : मनोज

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

ट्रॉमा सेंटर का शुभारंभ करते प्रमुख, उप प्रमुख एवं अन्य

बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में तीन साल पहले बना ट्रॉमा सेंटर का लाभ अब बरही वासियों को मिलेगा। शनिवार को प्रमुख मनोज रजक , उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा ने डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के साथ ट्रॉमा सेंटर से मिलने वाली सेवाओ का शुभारंभ किया। प्रमुख एवं उप प्रमुख ने टॉमा सेंटर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। डीएस डॉ ज्ञानी ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में 10 बेड लगाया गया है। सभी बेड ऑक्सीजन सपोर्टेड हैं। इसी ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टर्स कक्ष, स्टाफ कक्ष, मरीज वार्ड सहित सुसज्जित शौचालय की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि फिलहाल उनके पास जो संसाधन है उसी के बड़ैलत टॉमा सेंटर का संचालन किया जाएगा। लेकिन इसके संचालन के लिए सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स एवं ऑर्थोपेडिक स्टाफ की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए विभाग से डिमांड किया गया है। प्रमुख मनोज रजक ने ट्रॉमा सेंटर का शुभारंभ करते हुए कहा कि बरही तीन तीन नेशनल हाइवे का संगम पर स्थित है। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। ऐसे में दुर्घटना से गंभीर रूप से घायल मरीजो का इलाज अब सही तरीके से हो पायेगा। उन्होंने डीएस से कुछ सुधार करने के लिए भी सुझाव दिया। उसके बाद पूरे हॉस्पिटल का भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, डॉ सचिन कुमार, डॉ अमन कुमार, विनय सिन्हा, कोनरा पंचायत समिति सदस्य मो यूसुफ, मो सगीर, मो उस्मान, पंकज कुमार आज़ाद, कुलदीप कुमार, नरेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

सीएस ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण, ट्रॉमा सेंटर की ली जानकारी

डीएस ने ट्रॉमा सेंटर एवं पोस्टमार्टम हाउस के लिए मांगा डॉक्टर्स

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करते सीएस

बरही अनुमंडलीय अस्पताल का शनिवार को हजारीबाग सिविल सर्जन डॉक्टर सरयू प्रसाद सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ट्रॉमा सेंटर, पोस्टमार्टम हाउस, ओपीडी, इमरजेंसी, एमटीसी, प्रसव कक्ष एवं अनुमंडलीय अस्पताल के द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से ली । डॉ प्रकाश ज्ञानी ने सीएस को अवगत हुए कहा की पोस्टमार्टम हाउस बनकर तैयार है, लेकिन पोस्टमार्टम हाउस के लिए जरूरी डॉक्टर उपलब्ध अब तक नहीं हो पाए हैं। बताया कि ट्रॉमा सेंटर को चालू कर दिया गया है। लेकिन ट्रॉमा सेंटर को संचालित करने के लिए जरूरी हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन अब तक उपलब्ध नही हो पाया है। उन्होंने सीएस से आग्रह करते हुए कहा कि ट्र०मा सेंटर को सही तरीके से संचालित करने के लिए जरूरी डॉक्टर्स को जल्द से जल्द उपलब्ध कराएं, ताकि दुर्घटनाग्रस्त मरीजो का समुचित इलाज किया जा सके। सीएस ने आश्वस्त किया कि आपके मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए अविलम्ब मानव संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। मौके पर डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ एम कुमार, पंकज कुमार आजाद, विनय कुमार सिन्हा, प्रह्लाद कुमार, विजेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार ,विष्णु कुमार महतो ,संतोष कुमार, महेंद्र प्रसाद, नरेश कुमार, टीपू सुल्तान, राजेश यादव ,जावेद अख्तर, सुधांशू शेखर सहित कई लोग मौजूद थे।

बरही में शुरू हुई आयुष ओपीडी सेवा, प्रत्येक शनिवार को मिलेगी आयुष की ओपीडी सेवा

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

आयुष ओपीडी में इलाज करते डॉ मेराजुल इस्लाम

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में आयुष ओपीडी सेवा शुरू कर दी गई है। इसकी शुरुआत शनिवार से किया गया। आयुष चिकित्सक डॉ मेराजुल इस्लाम ने पहली ओपीडी कक्ष में सेवा दी। पहले दिन दर्जनों मरीजो का इलाज आयुष चिकित्सा पद्धति से किया गया। जितने मरीजो का इलाज हुआ उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित आयुष कीट भी उपलब्ध कराया गया। आयुष ओपीडी सेवा के संबंध में आयुष चिकित्सक डॉ मेराजुल इस्लाम , डॉअमन कुमार ने कहा कि बरही में अब प्रत्येक शनिवार को आयुष ओपीडी सेवा के तहत इलाज किया जाएगा। जरूरत के अनुसार आयुष दवा भी उपलब्ध कराया जाएगा।

मारपीट छिनतई के आरोप में 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

रसोइया धमना पंचायत के पुरहरा निवासी गोपाल कुमार यादव ने बरही थाना में केवाल गांव के छह लोगों के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट करने एवं छिनतई का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कांड संख्या 233/22 धारा 143,341,342, 323,379 504 एवं 506 के तहत दर्ज प्राथमिकी में गंगा सागर सिंह, सुधीर सिंह, नवीन सिंह, शम्भू सिंह शनि सिंह एवं शशि सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से गोपाल कुमार यादव ने बताया कि घटना 10 जून सुबह साढ़े छह बजे की है। केवाल निवासी गंगासागर सिंह ने मुझे मेरे मोबाइल पर फोन कर केवाल बुलाया। जान पहचान होने के वजह से मैं चला गया। जैसे ही पहुंचा उक्त लोग मुझे पकड़ कर एक कमरे में ले गए और मारपीट की। मेरे गले से सोने का चेन एवं 10000 रुपये छीन लिए। इसकी सूचना मैंने अपने भाई को दिया। तब बरही थाना की पुलिस मुझे छुड़ाकर ढाई बजे लेकर थाना ले आई। अवेदक गोपाल कुमार यादव रसोइया धमना पंचायत से मुखिया का चुनाव भी लड़ चुके है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य किशुन यादव बनें जीप उपाध्यक्ष, बधाइयों का लगा तांता

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही पूर्वी से जिला परिषद सदस्य किशुन यादव जीप उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए है। जीप उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उन्होंने पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जयसवाल, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, भा. जपा नेता बटेश्वर मेहता से मिलकर आशीर्वाद लिया। जिसके बाद किशुन यादव को बधाई देने वालो का तांता लग गया। बरही के सैकड़ो लोग हजारीबाग पहुंचकर किशुन यादव को माला पहनाकर उन्हें जीत की बधाई दी। इस अवसर पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को दूर करूंगा। पेयजल, सड़क का लाभ लोगों को दिलाऊंगा। आम जनता के भावनाओ को कद्र करते हुए विकास का कार्य करूँगा। उनकी जीत पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, समाजसेवी संजय यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, विजय यादव, नागेश्वर रजक, मुन्ना कुमार, पिंटू यादव एवं सचिन यादव शामिल है।

एकादश कार्यक्रम में जागरण का आयोजन, समाजसेवियों ने किया उद्घाटन

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी निवासी राजू रजक की मां स्व मलवा देवी के एकादश में जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद बरही पश्चिमी क्षेत्र के पूर्व जीप प्रत्याशी अर्जुन साव, मुखिया गोविंद साव, प्रदीप रजक, राजू रजक एवं सोनू पंडित एवं महेंद्र रजक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद एक एक कर सभी ने मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किया। वहीं कार्यक्रम के शुरुआत में कलाकारों के द्वारा रंगारंग भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। जिससे आस पास का वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं मौके पर मौजूद पूर्व जीप सदस्य अर्जुन साव ने कहा की जागरण से मन को शुद्धि प्राप्त होती है। मौके पर जानकी रजक, प्रमोद कुमार, अधीन रजक, गौतम रजक, उमेश चंद्रवंशी, सत्येंद्र रजक, राहुल कुमार, सन्नी कुमार, किशोर रजक, सोनू रजक, अभय कुमार, दुर्गा रजक, दिनेश रजक, मुरारी राम, रामस्वारूफ रजक, उगन रजक, रूपलाल रजक, शिव कुमार राम, संतोष राम, नरेश कुमार, संदीप कुमार सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थी।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पंचमाधव पंचायत के नव निर्वाचित मुखिया नीलम देवी ने ली शपथ

पार्वती देवी ने रेणु देवी को तीन वोट से मात देकर बनी उपमुखिया

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही बीडीओ सी आर इंदवार के नेतृत्व में शुक्रवार को पंचमाधव पंचायत भवन में पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया नीलम देवी एवं सभी नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई गई। उसके बाद उपमुखिया का चयन प्रक्रिया आरंभ किया गया। उपमुखिया पद के लिए दो प्रत्याशी पार्वती देवी एवं रेणु देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। उसके बाद सभी नव. निर्वाचित वार्ड सदस्यों ने गोपनीय तरीके से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किए। जिसमे पार्वती देवी को आठ और रेणु देवी को मात्र पांच मत मिला। वहीं मौके पर मौजूद निर्वाची पदाधिकारी ने पार्वती देवी को उपमुखिया घोषित किया। साथ ही मौके पर मौजूद सभी वार्ड सदस्यों ने मुखिया और उपमुखिया को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर समाजसेवी संजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, नागेश्वर रजक, सिकंदर प्रजापति सहित पंचायत के सैकड़ों महिला और पुरुष मौजूद थी।

ईमानदारी से अपनी कार्यों का निर्वहन कर रहे एंबुलेंस ड्राइवर शमशाद

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के एंबुलेंस ड्राइवर मो शमशाद वर्षो से अपनी कार्यो को ईमानदारी पूर्वक निभाते आ रहे है। चाहे दिन हो या रात अभी ड्यूटी से कभी पीछे नहीं हट्ते है। इसी क्रम में शुक्रवार रात लगभग 9 बजे वह अपने ड्यूटी को पूरा करके घर चले गए थे। लेकिन लसकरी के ग्रामीणों के द्वारा उन्हें सूचना मिली की एक विक्षिप्त महिला मिली है। जो कुछ भी बताने में असमर्थ है। वह बिना देर किए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और एंबुलेंस लेकर लस्करी पहुंचे जहां विक्षिप्त महिला पड़ी हुई थी। वहीं उन्होंने विक्षिप्त महिला को एंबुलेंस में बिठाकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले गए जहां उस महिला का इलाज किया गया। पूछे जाने पर मो शमशाद ने बताया की मुझे इस तरह के काम करने से बहुत खुशी मिलती है और मैं एक ड्राइवर हूं मैं ड्यूटी के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं।

गहमागहमी माहौल में प्रमुख और उप प्रमुख का चुनाव संपन्न

प्रमुख और उपप्रमुख जीत का अंतर 1 वोट रहा

अपेम लाइव : पदमा
सुमनी राज मेहता

पदमा प्रखंड में शनिवार को प्रमुख और उपप्रमुख गहमागहमी माहौल में चुनाव हुआ। प्रमुख पद के लिए दो प्रत्याशी बीना देवी और शारदा देवी ने नामांकन दाखिल किया। जहां सभी नवनिर्वाचित पंसस सदस्यो ने गोपनीय तरीके से मतदान किया। जिसमे बीना देवी के 6 और शारदा देवी को पांच मत प्राप्त हुआ। मौके पर मौजूद नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने बिना देवी को प्रमुख घोषित किया। उसके बाद उपप्रमुख के लिए दो उम्मीदवार सत्येंद्र कुमार राना और सुशीला देवी ने नामांकन कराया। जिसमे सत्येंद्र कुमार राणा को 6 मत प्राप्त हुआऔर सुशीला देवी को 5 मत प्राप्त हुए। वहीं मौके पर मौजूद निर्वाची पदाधिकारी ने सत्येंद्र कुमार राना को उपप्रमुख घोषित किया। इस चुनाव को संपन्न कराने में बरही एसडीओ पूनम कुजूर एवं स्थानीय प्रशासन ने अहम भूमिका निभाई।

ललिता देवी ने मुखिया पद की ली शपथ

अपेम लाइव : चलकुशा
विक्रम सिंह

चलकुशा–प्रखंड के खरगू पंचायत की नवनिर्वाचित मुखिया ललिता देवी ने शनिवार को अपने पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी के समक्ष मुखिया पद का शपथ ग्रहण ली। जिसके बाद सभी वार्ड सदस्यों ने एक साथ शपथ ग्रहण लिया। सभी जनप्रति. निधियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा विधिवत शपथ दिलाया गया। इस मौके पर , शैलेश रंजन,सलैयडीह मुखिया सुखदेव यादव मुखिया प्रतिनिधि सीताराम पंडित, रामजीत रजक, अशोक यादव, विनोद यादव, अब्बास अंसारी, मथुरा पंडित, सुरेंद्र पंडित ,राजेश यादव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

दून संस्कृति ने आयोजित की कवयित्री सम्मेलन का आयोजन, कवयित्रियों ने काब्य पाठ कर हास्य बिखेरा

भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है हमारी दून संस्कृति संस्था : डॉ रमा गोयल

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

स्वयं सेवी संस्था दून संस्कृति की ओर से 17 जून को जी एम एस रोड स्थित होटल कमला पैलेस में एक कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जानी मानी कवयित्री महिमा श्री, चेयरपर्सन डॉ रमा गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। उन्होंने अपनी लिखी सुंदर सुंदर कविताएं भी सुनाई। साथ ही संस्था द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यो के लिए बहुत प्रशंसा की। दून संस्कृति स्वास्थ्य मनोरंजन के साथ साथ समाज हित के प्रति जागरूक होकर सदैव कार्य करने के लिए प्रयत्नशील रहता है। कवि सम्मेलन का थीम हास्य था। रेखा शर्मा, दया बिस्ट,राखी अग्रवाल आदि सदस्यों ने अपनी कविताओं से सबको खूब हसाया। सरिता रानी, रेखा पुंडीर एवम् संगीता अग्रवाल जी ने हास्य नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। फलों के राजा आम के बनाए व्यंजनों की भी प्रतियोगिता कराई गई। हमारी मुख्य अतिथि महिमा श्री ने इसमें निर्णायक की भूमिका निभाई और सर्वोत्तम 3 को पुरस्कृत किया गया। चारु गुप्ता ने बहुत सुंदर स्माइली बनाकर दीपा प्रसाद एवम् सोनिका पाहवा के साथ मिलकर सजावट की। दीपा प्रसाद एवम् सोनिका पाहवा ने सभी प्रतियोगियों को मुख्य अतिथि के द्वारा उपहार दिलवाए। अंत में चेयरपर्सन डॉ रमा गोयल ने कहा कि हमारी संस्था दून संस्कृति भारतीय संस्कृति को मजबूती प्रदान करने का काम कर रहा है। डॉ० गोयल ने सभी का धन्यवाद किया ओर राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सीखने की कोई सीमा नहीं होती अंचलकर्मी निरंजन कुमार बने उदाहरण

अपेम लाइव : चंदवारा
धीरज कुमार

कहते हैं कि सीखने की कोई उम्र सीमा नहीं होती। जब तक आदमी जीता है तब तक वो सीखता है। इस कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं चंदवारा अंचल में लिपिक के पद पर कार्यरत निरंजन कुमार ने। कई वर्षो से विभिन्न सरकारी दफ्तरों में सेवा दे रहे निरंजन कुमार का व्यक्तित्व व कार्य करने की शैली सहकर्मियों के लिये प्रेरणास्रोत बना हुआ है। बेहद मृदुभाषी और काम के प्रति उनकी लगनशीलता को देख कर उनके प्रति लोगों का सहज आदर उमड़ पड़ता है। सुंदर लेखनी के धनी निरंजन कुमार इन दिनों अधेड़ उम्र के लोगों के लिये प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। जिन्हें लगता है कि इस उम्र में अब कुछ सीखा नहीं जा सकता।

निरंजन कुमार विगत एक माह के अंदर साइकिल सीखने के उपरांत स्कूटी सीखने में सफलता हासिल किया है। वो रोजाना एक घण्टा पहले कार्यालय पहुंचते हैं और प्रखंड मुख्यालय के समीप मैदान में स्कूटी सीखते हैं। कौतूहलवश जब इस संबन्ध में उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कई वर्षो से उनकी चाह थी कि वो अपनी गाड़ी से ड्यूटी जाए। लेकिन ड्राइविंग नहीं आने से ये चाहत पूरी नहीं हो रही थी। उन्होंने बताया कि अब वो ष्आत्म. निर्भर बन गए हैं।

रोहित यादव बने खोड़ाहर पंचायत के उप मुखिया, पंचमाधव की उप मुखिया बनी पार्वती देवी

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही बीडीओ सी आर इंदवार के नेतृत्व में शुक्रवार को खोड़ाहर एवं पंचमाधव पंचायत भवन में पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया अनिता देवी एवं नीलम देवी सहित सभी नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई गई। उसके बाद उपमुखिया का चयन प्रक्रिया आरंभ किया गया। उपमुखिया पद के लिए पंचमाधव पंचायत से दो प्रत्याशी पार्वती देवी एवं रेणु देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। उसके बाद सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों ने गोपनीय तरीके से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किए। जिसमे पार्वती देवी को आठ और रेणु देवी को मात्र पांच मत मिला। वहीं मौके पर मौजूद निर्वाची पदाधिकारी ने पार्वती देवी को उपमुखिया घोषित किया। साथ ही मौके पर मौजूद सभी वार्ड सदस्यों ने मुखिया और उपमुखिया को माला पहनाकर स्वागत किया। इधर खोड़ाहर में खोड़ा आहार पंचायत में उपमुखिया पद के लिए रोहित यादव, पूनम कच्छप, एवं आरती देवी ने नामांकन दाखिल किया। इसमे रोहित यादव को 14 वार्ड में 6 वोट , पूनम कछप को 2 वोट एवम आरती देवी को 6 वोट मिला। रोहित यादव एवं आरती देवी के बीच बराबरी का वोट होने पर अंत में मुखिया अनिता देवी ने रोहित यादव के पक्ष में मतदान किया। इस प्रकार रोहित यादव उप मुखिया बने। मौके पर पूर्व मुखिया खिरोधर यादव, समाजसेवी संजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, नागेश्वर रजक, सिकंदर प्रजापति सहित पंचायत के सैकड़ों महिला और पुरुष मौजूद थी।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रधानमंत्री का पुतला दहन

अपेम लाइव :गिरीडीह

बजरंगी महतो

भाकपा माले नेता सह गिरिडीह विधान सभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अग्निपथ योजना देश के बेरोजगार युवाओं को बर्बाद करने लिए लाई है केंद्र सरकार ।केंद्र सरकार के रोजगार वीरोधी, किसान विरोधी,मजदूर वीरोधी नीतियों के खिलाफ आज झंडा मैदान में भाकपा माले ने केंद्र सरकार का पुतला फुक़ा, अगुवाई विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा के अलावे माले नेता नासिर शेख माले, नेत्री पूर्व मुखिया फूल देवी,माले नेता उज्ज्वल साव,माले नेता एकलब्य उजाला,मो कमरान आदि कर रहे थे। गिरिडीह विधानसभा राजेश सिन्हा ने कहा कि बुलडोजर का जिस प्रकार से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है,यह लोकतांत्रिक तरीका नहीं है, देश के प्रति बेहतर समंझने वाले लोग ने समझ लिया है,बिना कोर्ट कचहरी का सहारा लिए घर को ढाया नहीं जा सकता है बल्कि उसके जरिये कई जनता के अरमानों को भी ढाने का प्रतिक बन गया है बुलडोजर, इस बुलडोजर प्रतीक के जरिये युवा,किसान,बुजुर्ग,छोटे बड़े व्यपारी महिला, बेरोजगार, मजदूर,सरकारीकर्मचारी,अनुबंदकर्मी आदि पर भी बुलडोजर चल रहा है,बुलडोजर प्रतीक है विनाश का इस बुलडोजर प्रतीक से एक भी तबका खुश नहीं है,सिर्फ खुश है अज्ञानी भक्त लोग,उनको भी जानकारी न के बराबर है,माले के उज्ज्वल साव,फूल देवी,एकलब्य उजाला,कमरान,नासिर आदि ने कहा कि अग्निवीर के बारे केंद्र सरकार गलत कर रही है,अग्निपथ योजना ने पूरे भारत के छात्रों को निराश किया है,तत्काल इस योजना को वापस ले केंद्र सरकार, वाट्सऐप या सोशल नेटवर्क में बिजी रहने वाले को आंदोलन के लिए,अब सड़क पर,आना होगा। इस मौके पर मो मुज्जमिल,मो असगर,अमर प्रेम सहाय, सरफराज, मो राजा, अमर, नासिर,कमरान आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

बिरजू उर्फ बुल्डोजर बाबा प्रमुख के चुनाव में निभाया किंग मेकर की रॉल

इंदु देवी प्रमुख और सुमन सिंह बने उपप्रमुख

अपेम लाइव :कान्हाचट्टी

प्रमोद कुमार सिंह

कान्हाचट्टी : कन्हाचट्टी प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख की निर्वाचन में कान्हाचट्टी जिला परिषद ब्रज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी उर्फ बुलडोजर बाबा ने किंग मेकर की भूमिका में रहे।श्री तिवारी के कुशल नेतृत्व का ही देन है कि आज प्रखंड प्रमुख के रूप में इंदु देवी पति प्रदीप पा. सवान सामने आए वही चिरिदिरी पंचायत के समा. जसेवी एवं युवाओं का धड़कन सुमन कुमार सिंह को उप प्रमुख का ताज दिलवाया। बताते चलें कि कान्हाचट्टी प्रखंड में कुल 13 पंचायत समिति सदस्य हैं जिनमें शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी के नेतृत्व में प्रमुख एवं उप प्रमुख का निर्वाचन किया गया। जिसमें प्रमुख के रूप में इंदु देवी को 7 मत प्राप्त हुए वहीं उनके विपक्षी कौशल्या देवी को 6 मत मिला। ठीक उसी तरह उपप्रमुख के लिए भी हुए चुनाव में सुमन कुमार सिंह को 7 मात एवं विकास दांगी को 6 मत मिले। निर्वाचित पदाधिकारी मुमताज अंसारी ने प्रमुख एवं उप प्रमुख को एक-एक मत से जीत का सेहरा पहनाया। निर्वाचि पदाधिकारी मुमताज अंसारी ने बताया कि निर्वाचन की प्रक्रिया के पूर्व सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।जिसमें सभी को यह कहा गया कि आप जिस जिस क्षेत्र से चुनाव जीत कर आए हैं आप अपने क्षेत्र के लोगों के विश्वास पर खरा उतरेंगे। वहीं चुनाव जीतने के बाद प्रखंड प्रमुख इंदु देवी ने कहीं की प्रखंड में अब विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी लोगों को साथ लेकर एवं अपने टीम को आगे बढ़ाकर विकास कराया जाएगा। वहीं उप प्रमुख सुमन सिंह ने कहा कि प्रखंड के वैसे गरीब लोगों को प्रखंड कार्यालय का ज्यादा चक्कर नहीं काटना पड़ेगा जो आवासीय जाति आय एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए महीनों महीनों दिन प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटते थे । अब उन्हें प्रखंड कार्यालय ज्यादा नहीं आना जाना जोड़ेगा। जिन्हें डॉक्यूमेंट की आवश्यकता होगी ऑनलाइन कर प्रखंड प्रमुख कार्यालय में अपना कागज जमा करेंगे और शीघ्र ही उन्हें प्रमाण पत्र उपलब्ध होगी। इधर किंग मेकर के रोल में रहे ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू उर्फ बुलडोजर बाबा ने कहा कि कान्हाचट्टी प्रखंड में विकास किस तरह के होता है जिला परिषद से लेकर प्रमुख उपप्रमुख एक टीम के लोग ही हैं ।और विकास के लिए चाहे जहां तक को. शिश करना पड़ेगा प्रखंड के विकास में अहम रोल निभाउंगा।मौके पर सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

प्रो० शिव कुमार

9162759200

शिव ऑप्टिकल हाऊस

कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो का जांच

हमारे यहां कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो को जांच कर चश्मा बनाया जाता है।

धनवाद रोड, बरही, पेट्रोल पम्प के सामने (जामा मस्जिद के सामने)

निर्विरोध बने बबलू केशरी चिरिदिरी पंचायत के उपमुखिया

मुखिया ने भी लिया सपथ,पंचायत का विकास मेरा मुख्य लक्ष्य : मुखिया

अपेम लाइव :कान्हाचट्टी

प्रमोद कुमार सिंह

कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के चिरिदिरी पंचायत के पंचायत भवन में शनिवार को समारोह आयोजित कर मुखिया का सपथ ग्रहण करावाया गया।मुखिया घनश्याम पांसी एवं सभी वार्ड सदस्यों को सपथ ग्रहण प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने करवाया।उसके बाद उपमुखिया चयन की प्रक्रिया शुरू हुआ जिसमें कान्हाचट्टी बाजार निवासी बबलू केशरी निर्विरोध अर्थात दूसरी बार उपमुखिया के पद पर सुशोभित हुए।बबलू केशरी एक शांत स्वभाव एवं मिलन सार किस्म के ब्यक्ति हैं।बबलू के जीत पर मुखिया सहित सभी वार्ड सदस्यों ने बधाई दी और माला पहना कर स्वागत किया।वही बी डी ओ हुलास महतो ने सभी निर्वाचित सदस्यों, मुखिया और उपमुखिया को बधाई दिए।जीत के बाद बबलू केशरी ने कहा कि यह जीत हमारी नहीं पंचायत वासियों की जीत है।मैं पंचायत के विकास में अपनी भागीदारी निष्ठापूर्वक निभाउंगा।केशरी ने कहा कि किसी भी ब्यक्ति को जब भी हमारी जरूरत पड़े मुझे एक बार याद कर ले मैं हमेशा पंचायत के हर ब्यक्ति के सुख दुख में शामिल रहूंगा।मौके पर बी पी ओ निरजंन सिंह,शौकत सरवर,नाजिर अजय कुमार,ईश्वर सिंह,पंकज रवानी,आदि उपस्थित थे।वहीं उपमुखिया बनने के बाद बबलू को सुरेश केशरी,विजय सिंह,जमन प्रजापत्ति,अनिल केशरी,उदय केशरी,उमेश केशरी, संजीव केशरी, रामदेव प्रसाद केशरी सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दी है।

जमीन विवाद में एक नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या

परिजनों ने अपने ही गोतिया पर लगाया हत्या का आरोप

अपेम लाइव :कान्हाचट्टी

प्रमोद कुमार सिंह

कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र के बेंगोकला पंचायत के पथेल गांव के बरौनी टांड़ में शनिवार की सुबह एक जमीन विवाद में अपने ही गोतिया लोगों ने एक नवविवाहिता महिला को गला दबाकर हत्या कर दिया। महिला के पति मेगन सिंह ने राजपुर थाना में आवेदन देकर गुहार लगाए हैं उसने बताया कि अपने ही गोतिया अर्थात मेरे चाचा के छह पुत्रों ने मिलकर मेरी पत्नी मीना देवी 20 वर्ष की हत्या गला दबाकर कर दिया है। उक्त लोगों ने मेरे घर के बगल के जमीन को जबरन अपने कब्जे में करना चाह रहे थे जिसका विरोध करने पर हमारी पत्नी की हत्या कर दिया। शनिवार की सुबह सूचना मिलते ही राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव को सौंप दिया। थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है कि महिला की हत्या किस कारण से और कैसे हुई है। बताते चलें कि नवविवाहिता की शादी पिछले 12 मई को हुआ था। मृतक के पिता ने भी कहा कि मेरी पुत्री की हत्या मेरे दमाद के चचेरे भाइयों ने मिलकर कर दी है।

पाहन बालेश्वर की हत्या के तीन अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

बालेश्वर की हत्या डायन भूत के कारण भाई के दामाद ने किया था

पुलिस ने 48 घँटेवके अंदर ब्लाइंड मर्डर केश का किया उद्‌भेदन

अपेम लाइव :कान्हाचट्टी

प्रमोद कुमार सिंह

कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र के कसियाडीह निवासी पाहन बालेश्वर भुइयाँ ब्लाइंड मर्डर केस में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है । एसपी राकेश रंजन द्वारा एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित राजपुर थाना पुलिस की स्पेशल एसआईटी टीम ने 48 घंटों के भीतर हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। अंधविश्वास में गांव के ही राजू भुइयां नामक शख्स ने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर बालेश्वर की गोली मारकर हत्या कर दिया था। राजू अपनी सास की मौत का जिम्मेवार पाहन बालेश्वर को मानता था। राजू समेत तीनों हत्यारों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त दो देशी बंदूक भी बरामद। पुलिस अधीक्षक ने प्रेस क०न्फ्रेंस कर दी जानक. ारी।बताते चलें कि अपराधी राजु भुइयाँ के मृतक रिस्ता में चाचा ससुर भी लगता था।चुकी राजू की सास की मृत्यु आज से पंद्रह दिन पूर्व सड़क दुतघटना में हो गया था।जिसके बाद राजू को लगा कि बालेश्वर ही मेरे ससुराल में भूत लगा दिया है जिसके कारण मेरी सास की मृत्यु हुआ है।बताते चलें कि 15 जून की रात्रि कसियाडीह निवासी बालेश्वर भुइयाँ की गोली मार कर हत्या कर दिया गया था।इधर इस ब्लाइंड केश के उद्‌भेदन के बाद जिन्हें वे लोग चौन की सांस लिए हैं जिनका नाम मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने प्राथमिकी में दी थी।इधर थाना प्रभारी के इस ब्लाइंड केश के उद्‌भेदन के बाद थाना क्षेत्र वासियों ने चतरा के कुशल नेतृत्व कर्ता पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन,एस डी पी ओ अविनाश कुमार एवं थाना प्रभारी विकास पासवान को बधाई दिए हैं। एसआईटी में राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान, दीपनारायण सिंह,राजेश शर्मा,बिरेन्द्र ठाकुर सहित अधिकारियों व जवानों को शामिल किया गया था।

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

बरूरा पंचायत सचिवालय मुखिया मनीष कुमार सिंह एवं 14 नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यो ने लिया पद एवं गोपनीयता की सपथ

विश्वानाथ यादव बनाये गयें उपमुखिया,माला पहनाकर किया स्वागत

अपेम लाइव : प्रतापपुर
कुमार चंदन

Shot on OnePlus
By R9.BHARAT CHANDAN
6/18/22
12:28 PM

प्रखंड के बरूरा पंचायत सचिवालय मे शनिवार को नवनिर्वाचित मुखिया मनीष कुमार सिंह एवं 14 नव. निर्वाचित वार्ड सदस्यो ने पद एवं गोपनीयता की सपथ लिया ।यह सपथ ग्रहण निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने दिलाया । इस सपथ ग्रहण के मौके पर बिहार के मंझौली पंचायत के मुखिया उत्तमद्वीप उर्फ टुन यादव अपने दर्जनो वाहनो व काफिलो से सपथ ग्रहण मे शामिल हुये।,शपथ ग्रहण में प्रताप. पुर प्रमुख प्रतिनीधि कपिल पासवान,मोन्या मुखिया अमरेश सिंह ,टंडवा मुखिया,पूर्व जिला परिषद सदस्य विक्रम कुमार यादव शामिल थे। मौके पर निर्वाची पदाधिकारी ने मुखिया मनीष कुमार सिंह एवं 14 वार्ड सदस्यो मीना कुमारी, विश्वानाथ यादव, नाज अख्तरी ,रानी कुमारी, नरेश भारती, कमलेश यादव हसनु खान,दुलरिया देवी,अनमोल देवी,संतोष कुमार साव,मुनी देवी,साजरा बीबी,चिन्ता देवी,सतेन्द्र भारती को कई आवश्यक जानकारी दिया ।तथा उपमुखिया के चुनाव को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिये ।उपमुखिया के लिए 14 वार्ड सदस्यो में दो वार्ड सदस्य विश्वनाथ यादव वार्ड नम्बर 2 एवं मुनी देवी वार्ड नम्बर 11 से उपमुखिया पद के चुनाव के लिए नामांकन किया तथा चुनाव में खडा रहे ।निर्वाची पदाधिकारी जु. ल्फिकार अंसारी के देखरेख मे चुनाव कराये गये ।मतगणना मे विश्वानाथ यादव को 14 वार्ड सदस्यो मे से 10 मत पडे वही चिरप्रतिद्वंदी मुनी देवी को 03 मत व 01 मत को रद्द किया गया ।मौके पर निर्वाची पदाधिकारी ने विश्वानाथ यादव को उपमुखिया का प्रमाण पत्र दिया एवं पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाया ।मौके पर बरूरा के युवा मुखिया मनीष कुमार सिंह ने बताया कि वह बरूरा पंचायत की जनता पर जीत के लिए भरोसा जताया,उन्होंने हमें अपार मतो से जिताया ।मैं पंचायत के सर्वांगिन विकास को लेकर पंचायत के लोगो से मिलकर काम करूंगा ।उन्होने सपथ ग्रहण कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रमोद भाई जी,कुलदीप यादव,राकेश सेठ,बिनोद साव,समशाद सहित अन्य लोगो को धन्यवाद दिया। मौके पर प्रमुख प्रतिनीधी सह भाजपा नेता कपिल पासवान, पंचायत सेवक सुरेश साव,अंचल बडा बाबु प्रदीप पासवान, अनुज कुमार, यदुनन्दन पासवान, आंगनबाडी पर्यवेक्षिका पुनम देवी, महेन्द्र कुमार, मोन्या मुखिया अमरेश सिंह, यादव सेना के प्रखंड उपाध्यक्ष प्रमोद भाई जी, कुलदीप कुमार, गुड्डु कुमार,जुल्कर नैन,डo अम. रेन्द्र कुमार, समशाद अंसारी, यासिम अंसारी, राजु साव,राकेश सेठ,सतेन्द्र साव,शिवलाल साव,बिनोद साव,जुबैर आलम,ऐजाज आलम, सकील आलम, महफुज आलम,रामबरत यादव, प्रवेश यादव, जनप्रतिनीधियो मे , मोन्या मुखिया अमरेश सिंह ,पूर्व जिला परिषद सदस्य विक्रम कुमार,सतेन्द्र पासवान, चंदन राज यादव,राजन गुप्ता,उदय यदुवंशी,मुकेश सिंह,नल सिंह, बिनोद यादव,बिहार के पंचायत मंझौली के मुखिया उत्तमद्वीप उर्फ टुन यादव,टंडवा मुखिया किशोर यादव,संजय कुमार,समेत दर्जनो गणमान्य लोग शामिल थे।

सिजुवा पंचायत सचिवालय बीडीओ ने मुखिया व 14 वार्ड सदस्यो को दिला पद एवं गोपनीयता की सपथ

सुमित्रा देवी वाड नम्बर 2 मतकोमा चुनी गी निर्विरोध उपमुखिया

अपेम लाइव : प्रतापपुर
कुमार चंदन

सिपंचा पंचायत सचिवालय मे शनिवार को एक समारोह आयोजित कर नवनिर्वाचित मुखिया सु. निता कुमारी पति जितेन्द्र दास एवं चौदह वार्ड सदस्यो को पद एवं गोपनीयता की सपथ निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ मूरली यादव मे दिलाया ।मौके पर पद एवं गोपनीयता की सपथ कार्यक्रम के बाद उपमुखिया का चुनाव को लेकर बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी ने कई आवश्यक निर्देश व जानक. ारी उपस्थित वार्ड सदस्यो को दिया ।सिजुवा के सभी 14 नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यो ने वार्ड नम्बर 2 मतकोमा की सुमित्रा देवी को निर्विरोध उपमुखिया पद पर चुनाव किया ।इस पर सभी वार्ड सदस्यो ने सुमित्रा देवी को उपमुखिया बनने पर हार्दिक बधाई दिया ।निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ मूरली यादव ने उपमुखिया सुमित्रा देवी को उपमुखिया का प्रमाणपत्र सौपा तथा उसे पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाया ।मौके पर मुखिया सुनिता कुमारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगो को धन्याद दिया ।मौके पर समाजसेवी सह प्रतिनीधि जितेन्द्र दास, पंचायत सेवक,रोजगार सेवक मुसाफिर यादव,रो. हित कुमार वार्ड सदस्यो में बबिता देवी,सुमित्रा देवी,श्रवण भारती,छदिया देवी,तुलसी भारती,आशिष पासवान, कपूरवा देवी,अशोक यादव,बसंती देवी,अनुप कुमार,प्रमोद कुमार,करमी देवी,सुनिल प्रजापति,पंचायत समिति सदस्य समेत पंचायत के बुद्धिजीवी,समाजसेवी,जनता शामिल थे।

APEM
LIVE

स्लग–नव निर्वाचित वार्ड सदस्य, मुखिया व उपमुखिया ने लिया पद का शपथ

अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो

गिरिडीह जिला भर के प्रत्येक प्रखंड के सभी पंचायतों में नव निर्वाचित हुए वार्ड सदस्य, मुखिया और उप मुखिया को पंचायत सचिवालयों में पद का शपथ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी दिलवा रहे हैं। इसी क्रम में गिरिडीह प्रखंड के पिंडाटांड़ पंचायत सचिवालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित कुमार महतो ने पंचायत के नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों, मुखिया और उप मुखिया महावीर साव जो आज निर्वाचित हुआ को पद की शपथ दिलाई की मैं ईश्वर की शपथ लेता हुं निष्ठापूर्वक प्रतिज्ञा करता हूं की विधि द्वारा संस्थापित भारतीय संविधान के प्रती सच्चा विश्वास एवं निष्ठा रखूंगा। अधिनियम की व्यवस्थाओं के अनुसार सभी व्यक्तियों के लिए जो न्यायसंगत होगा वही करूंगा। मैं कर्तव्य पालन में अपेक्षानुसार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को ऐसी कोई बात जो मेरे विचारधीन होगी या मुझे मालूम होगी प्रकट नही करूंगा। आज के इस कार्यक्रम में एमओ राजीव रंजन, कनीय अभियंता मनोज कुमार, पंचायत सचिव बैजनाथ महतो, रोजगार सेवक मनोरंजन कुमार , कार्यवाहक थाना प्रभारी अवधेश कुमार सदलबल उपस्थित थे। शान्ति पूर्वक शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया। नव निर्वाचित उप मुखिया पद पर महावीर साव ने 13में से 08वोट प्राप्त कर कब्जा जमाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि महावीर साव हमेशा जनहित और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने का काम करता रहा है जिसके चलते लोगों ने उसे उप मुखिया चुना। महावीर साव मृदुभाषी और मिलनसार प्रवृति के धनी व्यक्ति हैं। उन्होने कई बार भ्रष्ट राशन डीलरो के खिलाफ़ आवाज़ उठाने का काम किया है और दोषी डीलरो को निलंबित भी करवाया है। जीत के बाद महावीर साव ने कहा कि पिंडाटांड़ पंचायत का सर्वांगीण विकास में मुखिया को हमेशा सहयोग करूंगा और पंचायत के लोगों के घर घर तक सरकार की हरेक जनहितकारी और जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम करूंगा। मैं पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों का आभारी हूं जिन्होंने मुझे उप मुखिया चुना।

हाईटेंसन बिजली के झूलते तार दे रहे हादसे को आमंत्रण कभी भी हो सकती है जान माल की भारी क्षति

अपेम लाइवः विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी


विष्णुगढ़ के करोंज मोड़ के पास मकान के ऊपर से गुजरा हुआ हाईटेंसन तार।

विष्णुगढ़ में कई जगहों पर 11 हजार वोल्ट के हाईटेंसन बिजली के झूलते तार गंभीर हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं। पोल और तार की स्थिति इतनी जर्जर हो गई है कि कभी भी ये टूट कर गिर सकते हैं। जिससे बड़ी जानमाल की क्षति हो सकती है। सबसे खराब स्थिति करोंज मोड़ में देखने को मिलती है। यहां कई मकान के ऊपर से होकर हाईटेंसन तार गुजरा है। जिसके कारण उस मकान में रहने वालों की जान हमेशा सांसत में रहती है। जब तेज हवा या आंधी चलती है तो ये झूलते तार और अधिक जानलेवा बन जाते हैं। करोंज मोड़ इलाके के लोग चाहकर भी दो मंजिला मकान नहीं बना पा रहे हैं। कई जगहों पर तो एक मंजिला मकान बनाने पर भी आफत है। झूलते तारों के कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं। अखाड़ा चौक मोड़ के पास बीते साल एक नया मकान बनाने के दौरान एक राज. मिस्त्री बिजली प्रवाहित तार के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके दोनों हाथ काटने पड़े थे। उसी तरह कुछ वर्ष पहले सरकारी लकड़ी डिपो के पास एक मजदूर के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। जानवरों के भी चपेट में आने की घटनाएं होती रहती है। चेड़रा मुखिया निर्मल कुमार ने हाईटेंसन तारों की इस जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए विभाग से विषय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए समस्या को हल करने की मांग की है।

टाटा मैजिक के चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो

गिरिडीह : गांडेय थाना क्षेत्र के ग्राम रकसकुटो (बोन. सिंगा) पंचायत डोकीडीह के रहने वाले 50 वर्षीय रस्सी लाल मुर्मू पिता स्व नुनू लाल मुर्मू सुबह 10 बजे एक टाटा मैजिक की चपेट में आने ने सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक ग्राम रकसकुटो में दशरथ मंडल के घर के सामने दीवार के पास खड़ा था इसी बीच एक टाटा मैजिक रभ10 ब। 6942 न कि गाड़ी गांडेय की ओर से तेज रफ़्तार से आर रही थी जिसकी चपेट में आने से रस्सी लाल मुमु गम्भीर रूप से घायल हो गया ।मौके पर स्थानीय राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष मो आलम एवं कोषाध्यक्ष मो इरशाद अली ने आनन फानन में गिरिडिह सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ इलाज के दौरान रस्सी लाल मुर्मू की मौत हो गई ।मौत की ख़बर सुनते ही गांव मोहल्ले में मातम छा गया, परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही है घर घर पेंशन योजना, लोगो को दी जा रही जानकारी और लाभ

अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो



झारखंड सरकार के निर्देशानुसार गिरिडीह जिला में जिला प्रशासन द्वारा घर घर जाकर पेंशन योजना की जानकारी दी जा रहीं हैं और जो इनकी पात्रता पूरी करते हैं उनको पेंशन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। गिरिडीह जिला सुचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मीडिया को जानकारी उपल्ब्ध कराते हुए लिखा गया है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में सर्वजन पेंशन योजना के पात्रता को सरलीकृत करते हुए दिनांक 08.06.2022 से 08.072022 तक घर –घर सर्वेक्षण अभियान कर योग्य लाभुकों को पेंशन योजना में आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में गिरिडीह जिला में वृद्धजनों (60 वर्ष से अधिक) की अनुमानित संख्या 116666 है, जिनके पात्रता रखने पर उन्हें सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित किया जाना है। साथ ही दिव्यांग / नि. राश्रित महिला / आदिम जनजाति श्रेणी के योग्य लाभुकों को भी इस योजना से आच्छादित किया जाना है। पात्रता निम्नांकित हैः 1. आवेदक स्वयं या पत्नी / पति केन्द्र एवं राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय / राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में स्थायी रूप से नियोजित / सेवा निवृत और पेंशन / पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वाला नहीं होना चाहिए। 2 . आयकर अदा करने वाला परिवार नहीं हो। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में अंचल अधिकारी, (गिरिडीह, धनवार एवं सरिया) द्वारा मतदान केन्द्र के स्तर पर एक–एक दल बनाकर घर–घर सर्वेक्षण कर सर्वजन पेंशन योजना का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। पेंशन का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक जानकारी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी / अचल अधिकारी / बीएलओ/ आंगनबाड़ी सेविका / सहायिका से प्राप्त किया जा सकता है।

नवनिर्वाचित मुखिया और वार्ड सदस्य को दिलाई गई पद और गोपनीयता की शपथ

पत्रकार कि धर्मपत्नी बनी उप मुखिया

अपेम लाइव : बरकट्ठा
सुनिल कुमार

संवाददाता बरकट्ठा : प्रखंड के झुरझुरी पंचायत सचिवालय में बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी कृति. बाला लकड़ा ने नव. निर्वाचित मुखिया सुमन कुमार और वार्ड सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाची पदाधिकारी कीर्तिबाला लकड़ा व सहायक निर्वाची पदाधिकारी डo धनंजय कुमार सिंह, कैलाश प्रसाद कुशवाहा की निगरानी में उपमुखिया का चुनाव हुआ। उपमुखिया पद पर पत्रकार कुंवर यादव की धर्मपत्नी प्रियंका कुमारी ने जीत दर्ज की। उन्होंने मिक्की गुप्ता को तीन मत से पराजित किया।प्रियंका कुमारी को आठ मत मिला जबकि मिक्की गुप्ता पांच मत मिला। मौके पर नव. निर्वाचित मुखिया सुमन कुमार, पंसस मंजू देवी, और उपमुखिया प्रियंका कुमारी को लोगों ने माला पहनाकर और बुके देकर बधाई दी। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने कहा की जनता ने जो हमलोगों पर भरोसा जताया है। उस भरोसे को कभी टूटने नहीं दूँगा। शपथग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित सदस्यों के अलावे उमेश प्रसाद,बिरेन्द्र कुमार, पवन कुमार, राज. कुमार चौधरी, रामलखन प्रसाद, कुंवर यादव, प्रमोद कुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, रामेश्वर महतो, समेत आदि लोग उपस्थित थे।

Mahindra
INSURANCE BROKERS
(Mahindra Group Company)
SAJHEDAARI
vikas mein bhagedari
Point of Sales Person (POSP)
POSP Code: P0007934
Mr. Krishna Prajapati
यहाँ पर सभी गाड़ियो का
Motor Insurance Two Wheelers,
Private Car, Commercial Vehicles
(Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor)
किया जाता है।
LIC Micro Insurance
&
Health Insurance Available
Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD
BARHI 825405
MO:- 7004315535,9122983300
Our Partners
ICICI Lombard General Insurance
TATA AIG Insurance
Liberty General Insurance
HDFC ERGO
Future Generali Total Insurance Solutions
digit
care Health Insurance
Royal Sundaram General Insurance
Oriental insurance
New India Assurance
Chola MS General Insurance
सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

9122222016
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
DOUBLE BED • SOFA • SOFA-CUM-BED • DIWAN-CUM-BED • DRESSINGS • CHAIRS • DINNING TABLE
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन
Season Sale
कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन आदि भी उपलब्ध है
पाएं आकर्षक छूट
पुरहरा मोड़, रसोइया धमना, बरही, हजारीबाग, झारखण्ड - 825405

VECTOR CLASSES
7717777833
7070459803
Vector Classes
Hazaribag Road, Barhi
Competitive Classes
Faculties:
•Krishna Rana (JPSC Qualified)
•Rajesh Yadav (Expert Teacher)
•Suraj Gupta (CAT Qualified)
Admission Open
Specialized in Banking | SSC | Railway | JPSC | other State level Examinations

IMPACT EDUCATION POINT
Join The Pillar Of Succes
Admission Open now
शिक्षा जीवन कि तैयारी नही,
शिक्षा ही जीवन है।
ENGLISH
Spoken with Communication Skills
Literature (Hons. Paper)
COMPUTER
ADCA, DCA, DFA, DTP , DTTP
TALLY, Typing (Hindi, English)
ARTS
History (Hons. Paper)
Intermediate:- 11th & 12th
Placement Offer
Director
Deepak kr. Ranjan
Address:-
Barhi HazaribaghRoad,
Front of Prakash Gayani Hospital
Contact us:-
7004095549